'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

# UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

SEC 1st Semester Examination, 2024

## SEC - POOASEC103-HINDI

## भाषा कौशल : विविध आयाम

Time Allotted: 2 Hours

Full Marks: 40

*The figures in the margin indicate full marks.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (अधिकतम एक या दो शब्दों में) — 1×5 = 5

(क) हिंदी में कुल कितने वर्ण हैं ?

(ख) जातिवाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

(ग) 'अधि' उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिए।

(घ) FM रेडियो के संदर्भ में FM का पूर्ण रूप बताइए।

(ङ) दृश्य-श्रव्य मीडिया का एक उदाहरण दीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (अधिकतम 50 शब्दों में) 3×5 = 15

(क) 'गुणवाचक' एवं 'संख्यावाचक विशेषण' को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।

(ख) 'उपसर्ग' एवं 'प्रत्यय' में निहित अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) संक्षेपण संबंधी नियमों का उल्लेख कीजिए।

(घ) समाचार-पत्रों की भाषा पर टिप्पणी लिखिए।

(ङ) न्यू मीडिया के क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों की चर्चा कीजिए।

(च) भाषण का प्रारंभ कैसे किया जाना चाहिए ?

(छ) श्रवण कौशल की प्रयोजनीयता को रेखांकित कीजिए।

(ज) तत्पुरुष समास का परिचय दीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (अधिकतम 500 शब्दों में) 10×2 = 20

(क) 'सर्वनाम' की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) सोशल मीडिया में हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण कीजिए।

(ग) राजनीतिक एवं सामाजिक समाचारों की भाषिक विशेषताओं पर आलोकपात कीजिए।

(घ) 'भाव पल्लवन' से क्या तात्पर्य है ? निम्नलिखित अवतरणों का भाव पल्लवन कीजिए —

(i) "विदेशी भाषा का विद्यार्थी होना बुरा नहीं, पर अपनी भाषा सर्वोपरि है।"

(ii) "परहित सरिस धरम नहीं भाई।
पर पीड़ा सम नहीं अधमाई ॥"

——×——